

## म्हारे सपनों का हरियाणा

**2019 - 2024**



हम सब का ख्याल रखते हैं। हम योजनाओं को अटकाते, भटकाते या लटकाते नहीं हैं।
हम नई व्यवस्थाएँ बनाते हैं। उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाते हैं।

भारतीय जनता पार्टी

# संकल्प पत्र


## हरियाणा विधानसभा

श्री दीन दयाल उपाध्याय



हर खेत को पानी,
हर हाथ को काम

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी



एक देश एक विधान,
एक देश एक निशान

डॉ श्यामा प्रसाद मुख़र्जी की सोच के अनुरूप,
हरियाणा के हज़ारों वीरों ने,
कश्मीर की अखंडता के लिए
अपना बलिदान दिया है

आर्टिकल 370 हटाने के लिए
माननीय प्रधानमंत्री जी एवं
गृह मंत्री जी का हरियाणा वासी
हार्दिक अभिनंदन करते हैं

भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा प्रदेश

# विषय - सूची


नए हरियाणा की ओर 01

संकल्प पत्र कमिटी के सदस्य 02

कमाऊ एवं टिकाऊ खेती 03

हरियाणा के युवा- हम सपने देखते हैं और पूरा भी करते हैं 06

सशक्त नारी समृद्ध नारी 08

समाज कल्याण- हर एक का खयाल 09

सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास 10

हमारे सैनिक हमारा गौरव 12

असर-कारी सरकार, कर्मचारी आधार 13

सबकी सुनवाई सबको न्याय 14

स्वस्थ हो हर परिवार 15

शिक्षा से समृद्धि की ओर 16

सुगम उद्योग, सुगम व्यापार, उद्यमशील हो हर परिवार 17

बुनियादी विकास, तरक्की का आधार 18

सुशासन हर पंचायत तक - हमारी प्रतिबद्धता 22

हरियाणा हरि की धरा, उच्च हमारी परम्परा 23

पर्यावरण एवं जल संरक्षण, जीवन की सुरक्षा 25

# नए हरियाणा की ओर


मेरे प्यारे बहनों, भाइयों

हमारी भूमि प्रारंभ से भारत माता के विशिष्टतम आभूषणों में से एक रही है। यह स्वर्णिम अतीत और व्यापक संभावनाओं से परिपूर्ण है। गीता की यह उपदेश स्थली समूची भारतीय संस्कृति का प्रतिनिधित्व करती रही है। आर्य जीवन की मान्यताएँ, अपार वीरता, खेलों में शिखर को छूने की क्षमता, पसीना बहाकर अन्न उत्पादन हरियाणा की पहचान हैं। हमारे वीरों के सीने परमवीर चक्र, अशोक चक्र और ब्रिटिश काल के विक्टोरिया क्रॉस से दमकते हैं, हमारे खिलाड़ी के सीने ओलंपिक मेडलों से सजते हैं, हमारे किसान हरियाणा के 2.5 करोड़ लोगों का पेट भरकर, 15 करोड़ क्विंटल अनाज प्रतिवर्ष केंद्र सरकार को देते हैं।

ठीक पांच वर्ष पहले भारतीय जनता पार्टी द्वारा हरियाणा की जनता-जर्नादन को जागृत करने के लिए जो बिगुल फूंका गया था, उसका लक्ष्य दशकों से जातिवाद, क्षेत्रवाद, परिवारवाद, भाई-भतीजावाद, नौकरियों में पक्षपात, सरकारी संसाधनों की लूट जैसे अनेकों कारणों से त्रस्त जनता को स्थाई राहत दिलाना था। एक जिम्मेदार राजनीतिक दल होने के नाते हमें खुशी है कि मजबूत इच्छाशक्ति की बदौलत हमने भेदभाव की सारी परम्परा खत्म की तथा सबका साथ-सबका विकास और हरियाणा एक-हरियाणवीं एक को सार्थक करते हुए हरियाणा को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाना सुनिश्चित किया है।


प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर में लागू की गई योजनाओं एवं कार्यक्रमों में हरियाणा की भाजपा सरकार ने जन-जन को भागीदार बनाते हुए न केवल जमीन पर उतारा है, अपितु शानदार प्रदर्शन करते हुए अन्य राज्यों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया हैं। उनके सामाजिक आंदोलन से ओतप्रोत विचारधारा से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना, मेरा परिवार-मेरी पहचान जैसी कितनी ही महत्वाकांक्षी एवं हरियाणा के सुनियोजित विकास में अहम भूमिका अदा करने वाली योजनाओं से आमजन को सामाजिक संरक्षण के दायरे में लाते हुए हमने उनका भरोसा जीता है। इसी भरोसे का असर पंचायत व नगर-निकाय, जींद उपचुनाव से लेकर लोकसभा चुनाव में स्पष्ट तौर पर देखा गया है।

आदरणीय भाई-बहनों! पिछले पांच सालों में, हम पहले की कुव्यवस्था और भ्रष्ट तंत्र के जाल को ध्वस्त करने के लिए संकल्पित थे और निश्चित तौर पर आपके भरोसे पर खरा उतरते हुए हमने पांच साल की अवधि में इसे बखूबी निभाया है। हमने पिछले चुनाव से पहले हरियाणा की जनता से जो वादे किये थे, उनको हमने न केवल पूरा किया है, बल्कि उनसे कही आगे बढ़कर हरियाणा के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा से काम किया है। हमें पूरा विश्वास है कि आने वाले पांच सालों में म्हारा हरियाणा देश के विकास में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला प्रदेश होगा । अब नए कार्यकाल में शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं स्वावलंबन को प्राथमिकता दी जाएगी । हम संकल्पित हैं, हरियाणा के जन-जन के सपनों का हरियाणा बनाने, हर वर्ग, समुदाय को साथ लेकर चलने और विकास की नींव पर एक ऐसा स्वर्णिम भविष्य तैयार करने को, जिसमें **'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः, सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भाग्भवेत्'** की परिकल्पना साकार हो सके।



आपकी सेवा में सतत कार्यरत,
मनोहर लाल

# संकल्प पत्र कमिटी के सदस्य



**श्री ओम प्रकाश धनखड़**
**अध्यक्ष**



**श्री वेद पाल**
**सदस्य**



**श्री राजीव जैन**
**सदस्य**



**श्री बृजेन्द्र सिंह**
**सदस्य**



**श्री कृशन लाल पंवार**
**सदस्य**



**श्री रामचंद्र जांगड़ा**
**सदस्य**



**श्री रणबीर गंगवा**
**सदस्य**



**श्रीमती नीरा तोमर**
**सदस्य**



**श्रीमती गार्गी कक्कड़**
**सदस्य**

# कमाऊ एवं टिकाऊ खेती

### 2022 तक किसान की आय को दोगुना करेंगे

## किसानों की समृद्धि

01 **ऋण की कीमत से सवा गुणा से अधिक भूमि गिरवी ना रखने का कानूनी प्रावधान** बनाएँगे।

02 राज्य के किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए सहकारी बैंकों से लिए गए **फसली ऋणों पर लगभग पांच हज़ार (5,000) करोड़ रुपए का ब्याज और जुर्माना माफ़ करने के लक्ष्य को पूरा करेंगे।**

03 **19 लाख किसानों को छह हज़ार (6,000) रुपये प्रतिवर्ष देकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) का लाभ पहुचाएंगे।**

04 किसान कल्याण के सभी योजनाओं को **मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना (6,000 रुपए) की राशि से क्रियान्वित करेंगे और शेष राशि को हर वर्ष** उनके खाते में जमा करेंगे।

05 **सभी 14 लाख किसान जिनकी जोत पांच एकड़ से कम है, उनको किसान मान-धन के अंतर्गत मासिक तीन हज़ार (3,000) रुपए की पेंशन देंगे।**

06 तीन लाख रुपए तक का **ब्याज मुक्त फसली ऋण** प्रदान करेंगे।

## जोखिम फ्री खेती -किसान कल्याण नीति

01 **हर फ़सल की ख़रीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सुनिश्चित** करेंगे।

02 प्रत्येक **मंडी में मृदा परीक्षण के लिए लैब की व्यवस्था करेंगे** एवं हर **5 गाँव पर एक माइक्रो लैब स्थापित** करने का प्रयास करेंगे।

03 किसानों को **उच्च उपज वाले प्रमाणित बीज उपलब्ध** कराएँगे।

04 **भावांतर भरपाई योजना का विस्तार करके किन्नू, अमरुद, गाजर, मटर** को भी शामिल करेंगे।

05 किसानों की योजनाओं का लाभ **सीधा उनके खाते में DBT के द्वारा** जमा करेंगे।

06 किसान ही बेचे अपना अनाज, उनको मिले पूरा दाम इसके लिए **'मेरी फसल, मेरा ब्यौरा' पोर्टल का दायरा शत प्रतिशत तक करेंगे।**

07 हर मंडी और हर शुगर मिल में फसल बेचने आने वाले किसानों के लिए **10 रुपए में किसान थाली की व्यवस्था** शुरू करेंगे।

08 मंडी में आई **फसल के सामूहिक बीमा की व्यवस्था** करेंगे।

09 **गन्ने की मिलों की क्षमता दोगुनी करेंगे,** ताकि किसानों को समय पर पर्ची मिले और निश्चित समय तक उनकी फसल उठ जाए।

10 **एक लाख एकड़ भूमि को लवणता मुक्त** करेंगे।

11 जिन गाँवों के आंतरिक पक्के रास्ते बन गए है, उन गाँवों में **मुख्यमंत्री किसान खेत मार्ग योजना के तहत खेतों के रास्ते पक्के करेंगे।**

12 **किसान कल्याण प्राधिकरण को एक हज़ार (1,000) करोड़ रुपए का बजट** देकर सुदृढ़ करेंगे।

## हरियाणा नए युग के कृषि अवसरों का मार्ग प्रशस्त कर रहा है

01 एनसीआर क्षेत्र की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए **पेरी-अर्बन खेती की शुरुआत** करेंगे और नगरों में किसानों के लिए **खुदरा बिक्री केन्द्र (सेल काउंटर्स) के लिए जगह सस्ती दरों पर** उपलब्ध कराएँगे।

02 खेती में उद्यमिता, ब्रांडिंग, पैकेजिंग, कोल्ड चैन, मार्केटिंग आदि को बढ़ावा देने के लिए पांच सौ **(500) करोड़ रुपये के हरियाणा कृषि उध्यमशीलता कोष की स्थापना** करेंगे।

03 खाद्य सुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए हम **वैकल्पिक फसल मिशन आरंभ करेंगे,** जिसमें वैकल्पिक फ़सलों जैसे मक्का, दलहन, तिलहन और बाजरा के उत्पादन के साथ-साथ, फूलों की खेती एवं बाग़वानी, जैविक खेती तथा जीरो-बजट खेती पर जोर देंगे।

04 **10 लाख एकड़ भूमि में जैविक खेती, ज़ीरो-बजट खेती और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देंगे।**

05 **किसानों को कृषि, बाग़वानी और पशु पालन विश्वविद्यालयों से जोड़ेंगे** जिससे किसानों को नई तकनीकियों की जानकारी तुरंत मिल सके।

06 प्रदेश में **कृषि अवशेषों के बेहतर उपयोग के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहित** करेंगे।

07 किसान अपनी ज़मीन पर खेती आधारित कोई कारोबार करना चाहे तो उसे पंद्रह (15) दिनों में **एनओसी सरलता से उपलब्ध कराएँगे।**

## सभी को सिंचाई सुविधा - हर खेत को पानी

01 **सूक्ष्म सिंचाई को अभियान बनाते हुए हर खेत को पानी** पहुंचाएंगे जिसका सर्वाधिक लाभ दक्षिण हरियाणा को मिलेगा।

02 **एसवाईएल (SYL)** नहर के मुद्दे को जल्द से जल्द हल कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि **हरियाणा को उसके न्यायोचित हिस्से का पानी मिल** सके।

03 **लखवार, रेणुका और किशाऊ बांधों का निर्माण तेज़ी से पूरा** करवा कर प्रदेश के खेतों की प्यास बुझाएँगे।

04 **मेवात फ़ीडर केनाल** के निर्माण कार्य को तेज़ी से पूरा करेंगे।

05 **ट्यूबवैल शिफ्टिंग पॉलिसी तैयार करेंगे।**

06 **एक हज़ार (1,000) करोड़ रुपये** खर्च करके राज्य में **2,300 नहरों पर बने सभी पुलों के उचित रखरखाव एवं नवीनीकरण को सुनिश्चित करेंगे।**

07 किसानों के लिए **एक लाख से अधिक सौर पंप स्थापित** करेंगे और **प्रधानमंत्री किसान उर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (PM KUSUM) योजना** के माध्यम से किसानों को अन्नदाता के साथ साथ ऊर्जा-दाता भी बनाएँगे।

## डेयरी (दुग्ध उत्पादन) और पशुपालन को बढ़ावा

01 सभी **कार्यशील, दुधारू पशुओं को बीमा के दायरे** में लाएँगें।

02 **सभी पशुओं को पहचान टैग** देकर, उनकी आई.डी सुनिश्चित करेंगे।

03 **हरियाणा फ्रेश के दायरे** को बढ़ाने के लिए **प्रोसेसिंग एवं सर्टिफिकेशन सेंटर खोलेंगे।**

04 **गौचरान की भूमि में गोशाला एवं चारा उत्पादन को बढ़ावा** देंगे।

05 **राज्य में बड़ी डेरियों को बढ़ावा** देंगे।

06 राज्य के प्रत्येक ब्लॉक में **मोबाइल पशु चिकित्सा सेवा प्रदान** करेंगे।

07 सभी कार्यशील एवं दुधारू **पशुओं की नियमित स्वास्थ्य जांच करेंगे** और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए **जिला स्तर पर पॉलीक्लिनिक स्थापित** करेंगे।

08 **डेयरी और पशुपालन में महिलाओं के लिए विशेष प्रोत्साहन कार्यक्रम** शुरू करेंगे।

09 **मछली पालन के क्षेत्र को मौजूदा 20,000 हेक्टेयर से बढ़ाकर 40,000 हेक्टेयर** करने का प्रयास करेंगे। वाणिज्यिक झींगा खेती और अन्य मछली पालन पर विशेष जोर देंगे।

10 **गोबर-धन योजना का विस्तार करेंगे** तथा किसानों द्वारा गोमूत्र और गोबर बेचने के लिए **संग्रह केंद्र स्थापित** करेंगे।



# हरियाणा के युवा - हम सपने देखते हैं और पूरा भी करते हैं

## हर हाथ को काम

01 **युवा विकास एवं स्व-रोज़गार नामक एक नए मंत्रालय का गठन** करेंगे।

02 **'हरियाणा स्टार्टअप मिशन'** शुरू करेंगे जिसके तहत हम राज्य में स्टार्ट-अप ईकोसिस्टम को प्रोत्साहित करने के लिए **चार उद्यमिता केंद्र (एंटरप्रेन्योशिप हब)** बनाएँगे।

03 **मुद्रा (MUDRA) लोन स्कीम के प्रभावी कार्यान्वियन** को सुनिश्चित करेंगे।

04 राज्य में कौशल विकास केंद्र को बढ़ाकर हरियाणा में **प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का प्रभावी क्रियान्वयन** सुनिश्चित करेंगे।

05 **पांच सौ (500) करोड़ रुपये खर्च करके 25 लाख युवाओं को कौशल प्रदान** करेंगे।

06 युवाओं को स्थानीय स्तर पर प्रासंगिक रोज़गार के अवसर प्रदान करने के लिए **सभी जिला रोज़गार कार्यालयों को मॉडल कैरियर केंद्रों के रूप में अपग्रेड करेंगे।**

## नौकरियों में पारदर्शिता हमारा संकल्प

01 अभी तक राज्य की सभी सरकारी भर्तियों में पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया (टी.आर.पी) नीति को सफलतापूर्वक लागू किया है, अब इस नीति को समयबद्ध पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया **(टाइमबाउंड ट्रांसपेरेंट रिक्रूटमेंट प्रोसेस-TTRP)** में बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हरियाणा लोक सेवा आयोग के अंतर्गत एक स्वतंत्र कार्य-बल का निर्माण होगा, जो समयबद्ध तरीके से सभी सरकारी विभागों में रिक्तियों की समग्र एक सूची प्रकाशित करेगा।

02 पूरे राज्य में सभी **आउटसोर्सिंग नौकरियों में डीसी दर को सख़्ती से लागू** करेंगे।

03 हरियाणा सरकार की सारी नौकरियों के लिए पहले **कॉमन पात्रता परीक्षा** ली जाएगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इस परीक्षा का संचालन स्थानीय स्तर पर हो।

04 रोज़गार के लिए **आवेदन के समय लगने वाली फ़ीस को 'वन-टाइम फ़ीस' रखेंगे और ये फ़ीस एक नौकरी पाने तक मान्य होगी।** HPSC परीक्षा की फ़ीस 1,000 रुपए एवं SSC परीक्षा की फ़ीस 500 रुपए निर्धारित करेंगे।

05 युवाओं को उच्च एवं व्यावसायिक **शिक्षा के लिए बिना गारंटी ऋण उपलब्ध** कराया जाएगा।

06 हरियाणा के **स्थानीय लोगों को 95% से अधिक रोज़गार** देने वाले उद्योगों को विशेष लाभ दिए जाएंगे। **'हरियाणा के हर क्षेत्र में रोज़गार'** की कल्पना को वास्तविक बनाएँगे।

07 राज्य सरकार के सभी विभाग और सार्वजनिक उप-क्रम (State PSUs) कॉलेजों के विद्यार्थियों को **इंटर्नशिप के अवसर प्रदान** करेंगे।

08 हर ज़िले में **केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने** वाले विद्यार्थियों, जिनके परिवार की सालाना आय 1.8 लाख रुपए से कम है और जिनकी जोत पाँच एकड़ तक हो, को **मुफ्त कोचिंग की सुविधा** प्रदान करेंगे।

09 **नौकरी मेलों की संख्या बढ़ाई जाएगी** और हर ज़िले में प्रति वर्ष कम से कम तीन नौकरी मेले अवश्य लगाए जाएंगे।

## हरियाणवी खिलाड़ी: भारत की शान

01 खेलों के प्रचार के लिए **हर गांव में खेल स्टेडियम या व्यायामशाला का निर्माण** करेंगे। इनमें कोच / योग टीचर एवं एक ग्रांउडमैन नियुक्त करेंगे।

02 पांच सौ (500) करोड़ रुपये व्यय कर राज्य के **प्रत्येक स्कूल, गांव एवं शहरी निकायों में खेल का सामान उपलब्ध** कराएँगे।

03 सभी **कॉलेज परिसरों में फिटनेस सेंटर स्थापित करेंगे** जिससे विद्यार्थी खिलाड़ी, शिक्षक एवं कर्मचारी के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था हो।

04 हर ज़िले में **वार्षिक पाँच लाख रुपए की ईनामी कबड्डी, कुश्ती और बॉक्सिंग प्रतियोगिताएं आयोजित** करेंगे।

05 खेलो इंडिया में पुरस्कृत हर ज़िले के हर खेल के **प्रथम तीन खिलाड़ियों को ट्रैक सूट** देंगे।


06 राज्य में **एक हज़ार (1,000) खेल नर्सीरियों** की स्थापना करेंगे।

07 वैकल्पिक कैरियर विकल्पों की पहचान करने के लिए **सेकंड इनिंग स्पोर्ट्स पर्सन मिशन शुरू** करेंगे, जिसके अंतर्गत खेलों की नई बनाई गई नीति को लोकप्रिय बनाने के लिए राज्य के जाने-माने खिलाड़ियों को **स्पोर्ट्स एंबेसडर बनाएँगे।**

08 **प्रौढ़ खेलों को बढ़ावा देंगे।**

09 प्रधानमंत्री जी के फिट इंडिया अभियान को बढ़ावा देने के लिए **ग्रामीण एवं परम्परागत खेलों के लिए खेल कैलेंडर** तैयार करेंगे।



# सशक्त नारी समृद्ध नारी

## महिला केंद्रित विकास: हमारी प्राथमिकता

01 राज्य की **महिलाओं और बच्चों को एनीमिया-मुक्त** बनायेंगे।

02 सभी सरकारी संस्थानों में **'केजी से पीजी तक'** उन महिलाओं (प्रत्येक परिवार से दो बेटियों) के लिए **मुफ्त शिक्षा** प्रदान करेंगे, जिनके परिवार की सालाना आय 1,80,000 रुपए से कम है या जिनकी जोत 5 एकड़ तक है।

03 बेटियों की उच्च शिक्षा आसान बनाते हुए उन्हें लास्ट - मील कनेक्टिविटी प्रदान करने हेतु ग्रामीण एवं नगरी इलाकों में एक **विशेष छात्रा परिवहन सुरक्षा बस / वैन सेवा देना सुनिश्चित** करेंगे।

04 **पुलिस विभाग में महिलाओं की संख्या बढाई जाएगी।**

05 प्रत्येक कस्बे में **आजीविका मिशन और स्व-सहायता समूहों (SHG) की बहनों के सामान की बिक्री के लिए स्टोर शुरू** करेंगे।

06 गाँव एवं शहर के सभी सार्वजनिक स्थलों में **सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन लगाएँगे** ताकि महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन आसानी से मिल सके।

07 महिला कॉलेज एवं लड़कियों के स्कूलों के संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करते हुए उन्हें सीसीटीवी के दायरे में लाने की व्यवस्था करेंगे। हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि शहरों, गाँवों और कस्बों के सभी **सार्वजनिक क्षेत्र जैसे भीड़भरे बाजार, मॉल इत्यादि की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरों की संख्या दो लाख से बढ़ाकर पांच लाख तक** की जाएगी।

08 हर स्कूल जाने वाली लड़की को **मुफ्त में आत्मरक्षा (सेल्फ डिफेंस) प्रशिक्षण** दिया जाएगा।

09 महिला अत्याचार से संबंधित मामलों को जल्दी सुलझाने के लिए **जरूरत अनुसार फास्ट ट्रैक अदालतों की स्थापना** करेंगे।

10 **यौन एवं लिंग आधारित हिंसा उन्मूलन के लिए एक राज्यव्यापी कार्ययोजना बनाकर तीव्रता से लागू करेंगे।**

11 हर शहर में **नारी निकेतन विकसित** करेंगे ताकि ज़रूरतमंद महिलाओं को आसरा मिल सके।

12 राज्य भर में महिलाओं को संकट की स्थिति में मदद पहुंचाने के लिए **प्रोजेक्ट सखी वन-स्टॉप केंद्रों के नेटवर्क को दोगुना** करेंगे।

13 हरियाणा की उन महिलाओं को **विशेष 'SUSHMA (सुषमा) - स्त्री उन्नति और सशक्तिकरण मान्यता' पुरस्कार** देंगे जिन्होंने राज्य में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काम किया है।

14 शहरों में आवश्यकता के अनुसार **कामकाजी महिला हॉस्टल बनाए** जाएँगे।

15 शहरों की सिटी बस सेवा में आवश्यकता अनुसार, **'पिंक बस सेवा' शुरू** की जाएगी।





# समाज कल्याण- हर एक का खयाल

## कमज़ोर तबके को अवसर अपार

01 **अन्त्योदय मंत्रालय का गठन** करेंगे ताकि आर्थिक रूप से कमज़ोर लोग सुचारु रूप से केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकें।

02 कुशल कारीगरों जैसे दस्तकार आदि को **तीन लाख रुपए का बिना गारंटी लोन** उपलब्ध करवाया जाएगा।

03 जिन **निराश्रित बच्चों** के माता - पिता का पता नहीं हैं , उनकी शादी होने तक **राज्य सरकार उनकी देखभाल** करेगी।

## वरिष्ठ नागरिक का कल्याण

01 सभी मौजूदा **ओल्ड एज होम को आधुनिक सुविधाओं से युक्त अत्याधुनिक वरिष्ठ नागरिक कम्युनिटी कैंपस में बदलेंगे** और प्रत्येक जिले में कम से कम एक वरिष्ठ नागरिक सामुदायिक परिसर सुनिश्चित करेंगे।

02 राज्य के 10,000 से अधिक आबादी वाले क्षेत्रों में **वरिष्ठ नागरिक डे केयर सेंटर (वृद्ध देखभाल केंद्र) स्थापित** करेंगे।

03 **वरिष्ठ नागरिक केयर टेकर्स का पंजीकरण एवं प्रशिक्षण शुरू** करेंगे।

04 सभी **पैंशन की राशि को वार्षिक महंगाई अनुसार** बढ़ाने का प्रावधान करेंगे।

**समाज कल्याण**
**नए हरियाणा का आधार**
**ईमानदार सरकार,**
**मनोहर सरकार**



# सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास

## अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग

01 राज्य में **संत कबीर, संत रविदास, महर्षि वाल्मीकि और डॉ बाबा साहेब अंबेडकर के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा स्थल की स्थापना** करेंगे।

02 **संत कबीर, संत रविदास, महर्षि वाल्मीकि और डॉ बाबा साहेब अंबेडकर से जुड़े हुए मुख्य स्थानों की यात्रा के लिए योजना शुरू** करेंगे।

03 हरियाणा में अनुसूचित जाति के उद्यमियों को **स्टैंड अप इंडिया योजना** के तहत दी जाने वाली धनराशि को बढ़ाकर **सौ (100) करोड़ रुपये** करेंगे।

04 राज्य के अनुसूचित जाति के सदस्यों द्वारा आर्थिक और सामाजिक कल्याण की गतिविधियों को शुरू करने के लिए **हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम (HSCFDC)** के कोष **को पचास करोड़ (50) रुपए से बढ़ाकर सौ करोड़ (100) रुपए** करेंगे।

05 अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के द्वारा दिए गए पुराने ऋणों के **ब्याज व पीनल ब्याज को माफ करेंगे।**

06 अनुसूचित वर्ग के युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए **बिना गारंटी तीन लाख रुपये तक का ऋण** प्रदान करेंगे।

07 **सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग का बैकलॉग अभियान चला कर पूरा** करेंगे।

08 **विवाह शगुन योजना में निर्धारित वार्षिक आय की सीमा को 1 लाख रुपए से बढ़ाकर 1.80 लाख रुपए** करेंगे।

09 राज्य के **एस.ई.बी.सी (SEBC) युवाओं** के बीच उद्यमशीलता की गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने और बढ़ावा देने के लिए **सौ (100) करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान** करेंगे।

10 कानून बनाकर **सीवर में सफाई के लिए मानव का घुसना प्रतिबंधित** किया जाएगा।

## दिव्यांग

01 सुगम्य भारत अभियान के तहत दिव्यांग व्यक्तियों को व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए, **राज्य भर में दिव्यांग-अनुकूल सिविल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रदान** करेंगे।

02 **पंचकूला की तर्ज पर हर शहर में एक दिव्यांग पार्क** बनायेंगे।

03 **दिव्यांगों को कौशल विकास प्रशिक्षण** देना सुनिश्चित करेंगे।

04 दिव्यांग युवाओं को अपना **व्यवसाय शुरू करने के लिए बिना गारंटी तीन लाख रुपये तक का आसान ऋण** प्रदान करेंगे।

05 हरियाणा के परिवारों को अपने घरों में दिव्यांग अनुकूल बुनियादी ढांचे के निर्माण में मदद करने के लिए **हरियाणा दिव्यांग सहायता योजना शुरू** करेंगे।

06 अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस पर दिव्यांगजन को सशक्त बनाने के लिए **वार्षिक राज्य स्तरीय पुरस्कार स्थापित** करेंगे, जिसमें खेल, नाटक, कला और संस्कृति जैसे क्षेत्रों से दिव्यांग समुदाय के सफलतम लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

## असंगठित क्षेत्र के श्रमिक

01 **प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना** का शत प्रतिशत कार्यान्वियन सुनिश्चित करेंगे।

02 असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में मदद करने के लिए **असंगठित मज़दूरों को आधार लिंक स्मार्ट कार्ड प्रदान** करेंगे।

03 असंगठित क्षेत्र के सभी श्रमिकों की मजदूरी के भुगतान के लिए **समयबद्ध प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) अनिवार्य करेंगे।** इसके अलावा, इंटीग्रेटेड फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम में पंजीकृत स्मार्ट आइडेंटिफिकेशन नंबर के माध्यम से नियमित रूप से उनके वेतन भुगतान को ट्रैक करेंगे।

04 **निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण के लिए मनरेगा में पंजीकरण की शर्त हटाएँगे।** इसके अतिरिक्त नंबरदार मिस्त्रियों के सत्यापन की भी व्यवस्था करेंगे।

## टैक्सी, ऑटो, लॉरी ड्राइवर इत्यादि

01 सभी **ऑटो, टैक्सी ड्राइवरों, LTV और ई-रिक्शा चालकों को परमिट और लाइसेंस नवीकरण की ऑनलाइन सेवा** दी जाएगी।

02 सभी **साइकिल रिक्शा को ई-रिक्शा में परिवर्तित** करने को बढ़ावा देंगे।





# हमारे सैनिक हमारा गौरव

## पूर्व सैनिक कल्याण

01 **ज़िला स्तर पर शहीद स्मारक स्थापित** करेंगे ताकि हम हरियाणा के शहीदों को श्रद्धांजलि दे सकें।

02 **गाँवों एवं शहरों में शहीद स्मारकों के रखरवाव की ज़िम्मेदारी,** गांव में पंचायत को व शहरों में पंचायत विभाग को दिया जाएगा।

03 हर शहीद के गांव के **प्राथमिक विद्यालय में उनकी मूर्ति** लगाएंगे।

04 **हर शहीद का शहीदी दिवस एवं जन्म दिवस सरकारी स्कूलों में मनाया** जाएगा।

05 पूर्व सैनिकों को **पुनर्रोजगार देने हेतु अवसर प्रदान** किए जाएंगे।



# असर-कारी सरकार, कर्मचारी आधार

## सरकारी कर्मचारी

01 राज्य के सरकारी कर्मचारियों की सभी **वेतन विसंगतियों** को दूर करेंगे।

02 राज्य के सभी सरकारी कर्मचारियों की **वरिष्ठता सूची प्रकाशित** करेंगे।

03 **जिन विभागों में सेवा नियम नहीं है, एक साल के अंतर्गत नियम बनाएँगे** एवं दस साल से पुराने नियमों का पुनर्निरीक्षण करेंगे।

04 हम सरकारी महिला कर्मचारियों की भलाई के लिए **सरकारी कार्यालयों में प्रशिक्षित केयरटेकर के साथ क्रेच स्थापित** करेंगे।

05 **आउटसोर्सिंग पर लगी महिला कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश की सुविधा** दी जाएगी।



# सबकी सुनवाई सबको न्याय

## सुरक्षा और न्याय हमारी प्राथमिकता

01 हरियाणा के हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए **पुलिस बल की संख्या में जरूरी वृद्धि** करेंगे।

02 प्रत्येक जिले के एक पुलिस स्टेशन को बेहतर बुनियादी सुविधाओं और आधुनिक तकनीक से सुसज्जित कर एक **मॉडल पुलिस स्टेशन** में अपग्रेड करेंगे।

03 राज्य में **अवैध हथियारों को ज़ब्त** करने के लिए एक विशेष टास्क फोर्स के माध्यम से सघन अभियान चलाएंगे।

04 सड़कों को सुरक्षित बनाकर **हरियाणा को न्यूनतम सड़क दुर्घटना मृत्यु वाला राज्य बनाएँगे।**

05 राज्य में **ई-कोर्ट (e-Court) प्रोजेक्ट के 100% कार्यान्वयन** को सुनिश्चित करेंगे, जिसके तहत सभी अदालतों और ज्यूडिशियल कार्यालयों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी।

06 **बढ़ते साइबर अपराधों को रोकने के लिए हर ज़िले में साइबर पुलिस थाने** की स्थापना करेंगे जो साइबर सुरक्षा मामलों की जाँच करेंगे।

07 राज्य को **नशीली दवाओं से मुक्त प्रदेश** बनाएँगे।

08 प्रदेश की विभिन्न राजस्व अदालतों में चल रहे सभी **मुतनाजा इंतकाल के मुकद्दमों का छह माह के अन्दर अंतिम निर्णय सुनिश्चित करेंगे।**

09 **नए इंतकाल को समयबद्ध सीमा में ऑनलाइन करने के लिए सेवा शुरू** करेंगे।

10 **खेवट तकसीम** करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए नई व्यवस्था की जाएगी जिसके तहत एक **वर्ष के अन्दर अंतिम निर्णय लेने की समय सीमा सुनिश्चित** की जाएगी।

11 **गाँव की आबादी में ठेका खोलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**



# स्वस्थ हो हर घर-परिवार

01 **आयुष्मान योजना** के तहत हरियाणा के सभी परिवार, जिनकी सालाना आय 1.8 लाख रुपए से कम है या जिनकी जोत 5 एकड़ तक हैं, उनको **उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएँ मुफ्त प्राप्त** करने का अवसर प्रदान करेंगे।

02 **1.8 लाख रुपए से अधिक आय वाले परिवारों को भी पेमेंट के आधार पर, आयुष्मान योजना से जुड़ने का मौका** देंगे ताकि उन परिवारों को भी उच्च कोटि की स्वास्थ्य सुविधाएँ मिल सके।

03 **आयुष्मान योजना के सभी परिवारों को वर्ष में एक बार मुफ्त हेल्थ चेक अप** कराएँगे।

04 **मोतियाबिंद, कैंसर, स्तन कैंसर, जीवनशैली रोगों जैसे बी.पी. शुगर की उच्च स्तरीय जाँच एवं सुविधाओं को सभी के लिए सुलभ बनाने** हेतु राज्य में नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करेंगे। हरियाणा को **'कॉर्नियल ब्लाइंडनेस' मुक्त राज्य** भी बनाएँगे।

05 राज्य के **बच्चों और महिलाओं में कुपोषण को दूर करके कुपोषण मुक्त हरियाणा बनायेंगे।**

06 ट्यूबरक्यूलोसिस (क्षय रोग) से मुक्त करने के लिए **ट्यूबरक्यूलोसिस फ्री स्टेट मिशन** शुरू करेंगे।

07 **पी.जि.ऐ.एम.एस (PGIMS) रोहतक** में लीवर, किडनी ट्रांसप्लांट आदि के **सभी स्वास्थ्य विशेषता केंद्र स्थापित करेंगे** ताकि किसी भी हरियाणवी को इलाज के लिए राज्य के बाहर न जाना पड़े।

08 पंचकुला की तर्ज पर, **प्रत्येक जिला अस्पताल को मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में अपग्रेड** करेंगे।

09 **प्रत्येक जिला अस्पताल में विशेष ज़रूरतों वाले बच्चों की मदद के लिए एक समर्पित बाल केंद्र स्थापित** करेंगे।

10 हर मेडिकल कॉलेज और ज़िला नागरिक अस्पताल परिसर में **अटेंडेंट आवास एवं कैन्टीन स्थापित करेंगे** ताकि मरीज़ सहायकों को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

11 **दो हज़ार (2,000) वेलनेस सेंटर** बनाएँगे।

12 **राज्य में किफायती डायग्नोस्टिक लेबोरेटरीज़ का नेटवर्क स्थापित** करेंगे।

13 **खाद्य एवं औषधि में मिलावट को रोकने के लिए सख्त कदम उठाएंगे।**

14 **जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाएंगे।**

15 हरियाणा के हर गाँव व शहर में **आरोग्यम - मोटरबाइक एम्बुलेंस सेवा स्थापित करेंगे।**

16 **कैंसर रोगी एवं उनके एक सहायक को** राज्य सरकार की **बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा** देंगे।



# शिक्षा से समृद्धि की ओर

01 राज्य में कक्षा 10 तक जीरो ड्रॉप-आउट रेट होने के लिए कदम उठाएँगे | यह सुनिश्चित करने के लिए **शिक्षादूत का एक नेटवर्क** स्थापित करेंगे।

02 डिजिटल लिटरेसी मिशन की शुरुवात करेंगे, जिसके अंतर्गत हरियाणा के **प्रत्येक ब्लॉक में डिजिटल लैब नेटवर्क का निर्माण** करेंगे।

03 जिन नागरिकों के पास डिजिटल साक्षरता का प्रमाण पत्र होगा और जिनकी सालाना आय 1,80,000 रुपए से कम है या जिनकी जोत 5 एकड़ तक हो, उन्हें **निशुल्क स्मार्ट फ़ोन** दिया जाएगा।

04 **डिजिटल लिटरेसी वैनों** की सहायता से सभी नागरिकों को पंद्रह दिवसीय डिजिटल लिटरेसी का प्रशिक्षण देंगे तथा **डिजिटल साक्षरता** का प्रमाण पत्र देंगे।

05 स्कूल और कॉलेजों में ऐसे **"नीड - बेस्ड" डिप्लोमा/ डिग्री शुरु करेंगे** जो समय के अनुकूल होंगे।

06 हर वर्ष **प्रत्येक ब्लॉक में एक प्राइमरी, एक सेकेंडरी और एक सीनियर सेकेंडरी स्कूल को प्रतियोगिता के आधार पर 'आदर्श स्कूल' का दर्जा** दिया जायगा।

07 **'मेरा स्कूल, मेरा अभिमान' नामक एक स्कूल आधुनिकीकरण योजना लागू करेंगे** ताकि प्रत्येक विद्यार्थी को स्कूल में उच्च स्तरीय मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सके।

08 क्रमबद्ध तरीके से आंगनवाड़ी केंद्रों को **फुलवारी केंद्रों में (प्ले स्कूल) अपग्रेड** करेंगे।

09 राज्य के पाठ्यक्रम में योग, मेडिटेशन और मेंटल एक्सरसाइज जोड़कर **जॉयफुल पीरियड शुरु** करेंगे।

10 बच्चों के **कौशल एवं गुनी विकास को सुनिश्चित** करने के लिए वैल्यू एजुकेशन, शिष्टाचार, लोकाचार और सॉफ्ट स्किल्स का प्रशिक्षण देंगे।

11 **जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और भूमि संरक्षण को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल** करेंगें।

12 स्कूलों में **आठवीं कक्षा से विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग करवाने का प्रावधान** करेंगे।

13 सभी **सरकारी यूनिवर्सिटी और कॉलेज परिसरों में मुफ्त वाई-फाई सुविधाओं** को सुनिश्चित करेंगे।

14 **हर सरकारी कॉलेज में अटल सेवा केंद्र** स्थापित करेंगे ताकि कॉलेज के विद्यार्थियों को कॉलेज में ही केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दी जानी वाली सभी सुविधाएँ जैसे **ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, परिवार पहचान आदि** आसानी से मिल सके

15 उच्च स्तर की शिक्षा हर हरियाणवी बच्चे को सुनिश्चित करने हेतु हम विद्यार्थियों में **बड़े पैमाने पर ऑनलाइन ओपन कोर्स को बढ़ावा** देने के लिए एक अभियान शुरु करेंगे।

16 राज्य में **एडवांस टीचर ट्रेनिंग की व्यवस्था** करेंगे।

# सुगम उद्योग, सुगम व्यापार, उद्यमशील हो हर परिवार

## व्यवसाय अनुकूल माहौल बनाने और रोज़गार सृजन को प्रोत्साहित करने सम्बंधी उपाय

01 **युवाओं में उद्यमशीलता का स्वभाव** बनाने के लिए हम युवाओं का ध्यान "क्या बनोगे से क्या करोगे" और "क्या नया करोगे" की तरफ केन्द्रित करेंगे। इस उद्यमी स्वभाव को बढ़ावा देने के लिए **स्कूल और कॉलेज स्तर पर इनोवेशन प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिता का आयोजन** करेंगे।

02 विदेशी निवेश आकर्षित एवं समन्वय करने के लिए **विदेश संपर्क विभाग स्थापित** करेंगे।

03 **'वन डिस्ट्रिक्ट-वन हब' कार्यक्रम शुरू** करेंगे, जिसके अंतर्गत प्रत्येक जिले को एक स्थानीय औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित करेंगे और युवाओं एवं महिलाओं को समान रूप से रोज़गार के अवसर प्रदान करेंगे।

04 डिस्ट्रिक्ट लेवल क्लियरेंस कमिटी (जिला स्तरीय मंजूरी समिति) पर लागू **10 करोड़ रुपये तक की प्रोजेक्ट क्लियरेंस की वर्तमान सीमा को बढ़ाकर 15 करोड़ रुपये** करेंगे।

05 इंडस्ट्रियल इस्टेट के संचालन हेतु आवश्यक फंड उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (राज्य औद्योगिक और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड) को **"मिनिमम फसिलिटी इन्हान्समेंट पैकेज"** प्रदान करेंगे ताकि सड़क, स्ट्रीट लाइट, औद्योगिक उपयोग के लिए पानी, अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली आदि जैसी सुविधाएँ प्राथमिकता के आधार पर स्थापित की जा सकें।

06 **महेंद्रगढ़ के नारनौल में एक एकीकृत मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स हब (IMMLH) के निर्माण कार्य में तेजी लाएंगे।**

07 **दिल्ली - मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के साथ ही अमृतसर - कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के संचालन कार्य** में तेजी लाएंगे।

08 हरियाणा को **इलेक्ट्रिक-व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाएंगे,** और इस नेक्स्ट -जनरेशन इंडस्ट्री को अतिरिक्त विस्तार की सुविधा प्रदान करने के लिए एक नई 'इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल्स मैन्युफैक्चरिंग पॉलिसी' लागू करेंगे।

09 भारतीय वेंचर फंडों के कंसोर्टियम (संघ) के साथ पार्टनर शिप में **'सेंटर फॉर ग्रोथ एंड एंटरप्रेन्योरशिप' की स्थापना**

## एमएसएमई (MSME), व्यापारियों का सम्मान

01 **प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मान - धन योजना का शत प्रतिशत कार्यान्वयन** करेंगे।

02 नई शुरू की गई **मुख्यमंत्री व्यापारी सामूहिक निजी दुर्घटना बीमा योजना** और **मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति बीमा योजना** का **शत प्रतिशत कार्यान्वयन** करेंगे।

03 हरियाणा MSME (एमएसएमई) पोर्टल को **60 मिनट में दस लाख रुपये तक की तत्काल नकद ऋण सुविधा** प्रदान करने में सक्षम बनाएँगे।

04 **हरियाणा नव उद्यमी पुरस्कार योजना का शुभारम्भ** करेंगे, जिसके अंतर्गत प्रतिवर्ष हर ज़िले में तीन उत्कृष्ट कारोबारियों को दो लाख रुपये तक की नकद राशि पुरस्कार के रूप में देंगे।

05 हरियाणा के **एस.एम.ई को एनएसई एसएमई (NSE Emerge) एक्सचेंज में सूचीबद्ध करने में सक्षम बनाएँगे** और वैश्विक स्तर पर अपने व्यवसायों का विस्तार करने में सहायता करेंगे।

# बुनियादी विकास, तरक्की का आधार

## रोडवेज़, रेलवे और एयरवेज़ का तंत्र

01 राज्य के सभी जिलों को जोड़ने वाले **बहु-लेन राजमार्गों के निर्माण में तेज़ी** लाई जाएगी।

02 केंद्र सरकार एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) के साथ समन्वय करके **सारे राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण एवं रखरखाव में तेज़ी** लाएँगें।

03 **हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर (HORC) के निर्माण कार्य में तेज़ी** लाएँगें।

04 **जींद - हांसी नई रेलवे लाइन और करनाल-यमुनानगर नई रेलवे लाइन को समयबद्ध तरीके से पूरा** करेंगे।

05 **दिल्ली - सोनीपत - पानीपत क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (RRTS) का निर्माण शुरू** करेंगे।

06 वर्ष 2020 तक रोहतक में भारत की पहली एलिवेटेड रेलवे लाइन का उद्घाटन करेंगे तथा अन्य शहरों में भी **एलिवेटेड रेलवे लाइन का विस्तार** करेंगे।

07 **13 प्रमुख रेलवे स्टेशनों** जैसे अम्बाला कैंट, बल्लभगढ़, फ़रीदाबाद, गुड़गांव, जगाधरी, कालका, करनाल, पानीपत, रोहतक, सोनीपत, भिवानी, हिसार और रेवाड़ी **का आधुनिकीकरण** करेंगे।

08 **एनसीआर (NCR) और अन्य क्षेत्रों** में जैसे फ़रीदाबाद से गुरुग्राम, हुडा सिटी सेंटर से रेलवे स्टेशन गुरुग्राम तक, नरेला से कुंडली, बहादुरगढ़ से सांपला, सोहना रोड से के.एम.पी (KMP) तक **मेट्रो नेटवर्क का विस्तार** करेंगे।

09 **हिसार एयरपोर्ट** से विभिन्न स्थानों जैसे हिसार से जयपुर, दिल्ली, जम्मू और देहरादून के लिए **हवाई सेवा का विस्तार** करेंगे।







## आवास

01 **वर्ष 2022 तक सभी को पक्का आवास प्रदान** करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के लक्ष्य को पूरा करेंगे।

02 हरियाणा में सभी श्रमिकों के सुगम जीवनयापन के लिए **श्रमिक आवास परिसरों का निर्माण** करेंगे।

03 **जय जवान आवास योजना** के तहत पूर्व सैनिकों के लिए आवास निर्माण में तेजी लाएंगे।

04 **डॉ बी.आर. अंबेडकर आवास नव निर्माण योजना** के काम में तेजी लाएंगे ताकि वर्ष 2022 तक सभी अनुसूचित जाति परिवारों को आवास की सुविधा सुनिश्चित हो सके।

05 यातायात की आवश्यकता को कम करने के लिए **कार्य-स्थलों के समीप शहरों में तथा हर शहर की परिधि पर कर्मियों, कारोबारियों एवं श्रमिकों के लिए राज्य में कुल एक लाख नए आवास बनाए** जाएँगे।

## विद्युतीकरण

01 राज्य के **प्रत्येक गांव को 24*7 बिजली** प्रदान करने के लिए 'म्हारा गाँव जगमग' योजना का विस्तार करेंगे।

02 **सभी सरकारी भवनों और संस्थानों को सौर ऊर्जा से सक्षम** बनाने का प्रयास करेंगे।

03 घरेलू और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों की छतों पर सौर पैनल लगाने के लिए विभिन्न प्रोत्साहन देकर **गुरुग्राम, हिसार, रोहतक, फरीदाबाद और अंबाला को सोलर सिटी** बनाने के लिए संकल्पित हैं।

04 आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के घरों पर **सोलर पैनल** लगाने के लिये **पंद्रह हज़ार (15,000) रुपये की सब्सिडी** प्रदान करेंगे।

## स्मार्ट और स्वच्छ शहर दे विकास को आकार

01 हरियाणा के **हर शहर को** सबसे स्वच्छ, सबसे सुन्दर एवं ईज ऑफ **लिविंग इंडेक्स में उत्तम एवं अग्रणी** बनाएँगे।

02 हरियाणा के हर कस्बे को **स्मार्ट सिटी की तर्ज पर स्मार्ट कस्बे** के रूप में परिवर्तित करेंगे।

03 राज्य के सभी **भवनों में फायर सेफ्टी सुनिश्चित** करेंगे।

04 राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 135 किलोमीटर कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे के पास पांच नए सुपर स्मार्ट शहरों **का विशेष कानून बनाकर तीव्रता से विकास** करेंगें।

05 हरियाणा के शहरों में **ज़ीरो ड्रेन आउट सिस्टम लागू** करेंगे। इसमें जल संचयन संरचना, तालाब क्षेत्र, क्रीक का चैनलाइजेशन और रिचार्ज वेल का निर्माण शामिल होगा।

06 शहरों में **कूड़े के निस्तारण हेतु उचित प्रबंध** करेंगे।

07 प्रत्येक शहर में **साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए नागरिकों को प्रोत्साहित** करेंगे।

08 **कूड़े को बिजली में परिवर्तित** करने की योजना को आगे बढ़ाएंगे।

08 राज्य के हर शहर में **सार्वजनिक एवं मोबाइल शौचालयों को संचालित** करेंगे।

09 हरियाणा के हर शहर के सौन्दर्यीकरण के लिए जन संपर्क जुटाने हेतु **सुन्दर हरियाणा अभियान शुरू** करेंगे।

10 राज्य भर के **प्रमुख सार्वजनिक स्थलों और उद्यानों में फ्री वाई-फाई सुविधा** भी प्रदान करेंगे।

11 स्वच्छता बढ़ाने हेतु **डेरियों को शहरों से बाहर उपयुक्त स्थान** पर स्थानांतरित करेंगे।

12 **ट्रैफिक जाम से छुटकारा** दिलाने के लिए योजना बनाएँगे।

13 राज्य के सभी शहरों में **आधुनिक पार्किंग नीति** बनाकर लागू करेंगे।

14 राज्य भर में **वायु गुणवत्ता मॉनिटर स्थापित** करेंगे ताकि सक्रिय सुधारात्मक उपाय किए जा सकें।

15 सभी नगरों को **स्ट्रीट लाइटों से जगमगायेंगे।**



## राज्य उत्थान के लिए ग्राम उद्धार

01 प्रदेश के हर गाँव में **दैनिक बस सेवा सुनिश्चित** करेंगे।

02 गाँवों के **मुख्य एवं संवेदनशील स्थानों में सीसीटीवी** लगाएंगे।

03 हर गाँव में **क्रमबद्ध तरीके से जिम की स्थापना** करेंगे।

04 हर गाँव को **बैंकिंग सेवा उपलब्द** कराएंगे।

05 **हर गांव में मोबाइल बैंकिंग सेवा उपलब्ध करवाने** के लिए कृत-संकल्पित है।

06 प्रदेश भर की **नहरों के किनारों की सड़कों का रखरखाव एवं नवीनीकरण सुनिश्चित** करेंगे।

07 गाँवों में **गंदे पानी की निकासी का पुख्ता प्रबंध** करेंगे।

08 **महाग्राम स्तर पर एक बायो- गैस प्लांट गोबर धन योजना के अंतर्गत स्थापित** करेंगे।

09 गाँव में जो **100-100 गज प्लाट** उपलब्ध हैं, उनका **ढांचागत विकास करते हुए गली, पानी की व्यवस्था आदि स्थापित करने की योजना** बनाएँगे। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए एक विशेष टास्क फ़ोर्स का भी गठन करेंगे।

10 पंचायत की संस्तुति पर **सफाई कर्मचारियों की संख्या में विस्तार** करेंगे।

11 राज्य के **सभी ग्रामीण इलाकों के लिए मास्टर प्लान** बनाएँगे ताकि सभी बुनियादी सुविधाएँ आसानी से सुलभ हो सके।

12 गाँवों में **लाल डोरे के अन्दर की प्रापर्टी का भी मालिकाना हक़ प्रॉपर्टी रिकॉर्ड में दर्ज कराने** का प्रावधान करेंगे।

13 सभी गाँवों को **स्ट्रीट लाइटों से जगमगायेंगे।**

बुनियादी विकास पर
उन्नति सवार,
ईमानदार सरकार,
मनोहर सरकार



# सुशासन हर पंचायत तक - हमारी प्रतिबद्धता

01 **संविधान के 73वे एवं 74वे संशोधन** के अनरूप सभी **जिला परिषदों, पंचायत समितियों, ग्राम पंचायतों तथा शहरी स्थानीय निकायों को क्रमबद्ध तरीके से सभी प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकार** देंगे।

02 ग्राम पंचायतों को स्वायत्तता एवं प्रशासनिक अधिकार प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसके तहत **पंचायतों को अपना बजट तैयार करने का प्रावधान** देंगे एवं उन्हें उसके लिए प्रशिक्षित भी करेंगे।

03 **चकबंदी को ग्राम सभा की सिफारिश पर फिर खोला जाएगा।**

04 **सरकारी लैंड बैंक की स्थापना** करेंगे ताकि उद्योग एवं बुनियादी ढाचों की स्थापना में मदद की जा सके।

05 **24*7, एक टोल-फ्री स्पेशल एंटी करप्शन कॉल सेंटर स्थापित** करेंगे, जिससे नागरिक गुमनाम रूप से भ्रष्ट सरकारी अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

06 सभी **प्रशासनिक विभागों और इकाइयों में 'सोशल ऑडिट'** की व्यवस्था लागू की जाएगी।

07 **अंतर जिला परिषद्** का गठन करने वाला हरियाणा एक मात्र प्रदेश हैं। इस के **कार्य में तेज़ी तथा नियमितता** लाई जाएगी।

08 नागरिकों को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उठाने में मदद करने के लिए **स्पेशल डोरस्टेप डिलीवरी योजना 'सेवा सेतु' की शुरुआत** करेंगें।



# हरियाणा हरि की धरा, उच्च हमारी परम्परा

## हरियाणा की संस्कृति की रक्षा करेंगे और उसे बढ़ावा देंगे

01 राज्य के **प्राचीन स्मारकों का नवीनीकरण** और सुधार करेंगे।

02 हरियाणवी संस्कृति की विश्वव्यापी ख्याति और संवर्धन के लिए हरियाणवी संस्कृति का **एक ऑनलाइन सारसंग्रह (एनसाइक्लोपिडिया) प्रकाशित** करेंगे।

03 हम हरियाणा की कला, भाषा, संस्कृति और गौरव पर **'म्हारा हरियाणा' विषय-वस्तु को अपनी शैक्षणिक पाठ्यपुस्तकों में शामिल** करेंगे।

04 **सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के कार्य में तेज़ी** लायेंगे।

05 **राखीगढ़ी एवं लोहागढ़ के विकास** और वहां हो रही अनुसंधान के कार्यों में तेज़ी लायेंगे।

## इंटरनेशनल स्तर पर हरियाणवी गौरव स्थापित करेंगे

01 **वार्षिक हरियाणा महोत्सव का आयोजन** करेंगे जिसमें अन्य देशों और राज्यों में और भारत में अपने हरियाणवी भाइयों और बहनों के साथ बातचीत करेंगे और उनसे राज्य का संपर्क बढ़ाएँगे।

02 **ग्लोबल हरियाणवी केंद्र की स्थापना गुरुग्राम में** करेंगे जो सभी हरियाणवी एनआरआई के लिए एक वन स्टॉप सेंटर के रूप में कार्य करेगा। विश्व के विभिन्न देशों में ग्लोबल हरियाणवी केंद्र की शाखा खोलेंगे।

03 अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और प्रतिभा दिखाने वाले गैर-निवासी हरियाणवियों को सम्मानित करने के लिए **'हरियाणा की शान पुरस्कार' की शुरुवात** करेंगे।

04 हमने **वार्षिक गीता महोत्सव** को पहले कुरुक्षेत्र से बढ़ाकर राज्य स्तर पर फिर राष्ट्रीय स्तर पर और पिछले दो वर्षों में **अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक विस्तार** किया हैं। इस कार्य को और तेज़ी प्रदान करेंगे।

## टूरिज़्म को बढ़ावा देंगे

01 राज्य में **कृष्ण सर्किट के निर्माण में तेजी** लाएंगे जिसमें कुरुक्षेत्र, करनाल, कैथल, जींद, सोनीपत और पानीपत जिलों के ऐतिहासिक महत्व के स्थल शामिल होंगे।

02 राज्य में **सिंधु घाटी सभ्यता के महत्वपूर्ण स्थलों को विकसित** करने, बढ़ावा देने और संरक्षित करने के लिए हड़प्पा सर्किट विकसित करेंगे।

03 विलेज टूरिज़्म, एग्रिकल्चर टूरिज़्म, नेचर टूरिज़्म, हेरिटेज टूरिज़्म, फार्म हाउस टूरिज़्म और वेलनेस टूरिज़्म जैसे विभिन्न टूरिज़्म मॉडलों को बढ़ावा देने के लिए **'स्पेशल टूरिज़्म जोन' विकसित** करेंगे। युवाओं और महिलाओं को इन क्षेत्रों में दुकान खोलने, आतिथ्य सेवाओं और अन्य छोटे व्यवसाय स्थापित करने हेतु प्राथमिकता दी जाएगी।

04 **कुरुक्षेत्र देव दर्शन पैकेज का शुभारंभ** करेंगे, जिसमें कुरुक्षेत्र के सभी 108 मंदिरों की यात्रा शामिल होगी।

05 राज्य के विभिन्न महत्वपूर्ण मंदिरों का दर्शन करने आने वाले तीर्थ यात्रियों की मदद करने एवं उनको सारी सुविधाओं की जानकारी देने के लिए एक **नया 'टेम्पल टूरिज्म' पोर्टल शुरू** करेंगे।

06 राज्य में पर्यटन उद्योग से संबंधित व्यवसाय, विशेष कर विलेज टूरिज़्म को आगे बढ़ाने के लिए इच्छुक **उद्यमियों की हर संभव सहयता** करेंगे।

07 हरियाणा के आध्यात्मिकता, विरासत, एडवेंचर, संस्कृति, योग और स्वास्थ्य सम्बंधित प्रमुख स्थलों को प्रदर्शित करने के लिए **एक शानदार हरियाणा मोबाइल ऐप लॉन्च करेंगे।**

08 **पानीपत में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए म्यूजियम की स्थापना करेंगे।**

## आर्ट एंड क्राफ्ट (कला एवं शिल्प) का पुनरुत्थान करना सुनिश्चित करेंगे

01 हरियाणवी साहित्य, इतिहास और संस्कृति की एक **अत्याधुनिक डिजिटल हरियाणवी लाइब्रेरी का निर्माण** करेंगे।

02 राज्य में फिल्म उद्योग को समृद्ध उद्योग बनाने तथा **फिल्म जगत के लिए हरियाणा को आकर्षण केंद्र** बनाने के लिए हर संभव प्रयत्न करेंगे।



# पर्यावरण एवं जल संरक्षण, जीवन की सुरक्षा

## जल ही जीवन : जल संरक्षण और संवर्धन

01 पिछले पांच वर्षों में धुआं-मुक्त रसोई की बुनियादी सुविधा प्रदान की गई है, **अब प्रत्येक घर में नल से शुद्ध जल पहुचाएंगे।**

02 जिन बस्तियों में पानी की गुणवत्ता अच्छी नहीं है, वहाँ **मुख्यमंत्री शुद्ध जल योजना शुरू** करेंगे, जिसके अंतर्गत मुख्य स्थलों पर आरओ (RO) वाटर प्यूरीफायर लगाएंगे।

03 यमुना, घागर तथा अन्य नदियों को साफ करने के लिए **रिवर क्लीनिंग टास्क फ़ोर्स की स्थापना** करेंगे।

04 मनरेगा के तहत **पचास (50) बड़े जलाशय,** हरियाणा तालाब प्राधिकरण के माध्यम से एनसीआर (NCR) में बनवायेंगे।

05 **उपचारित अपशिष्ट जल नीति (treated recycled water) को प्रभावी ढंग से लागू** करेंगे। इसके लिए हम प्रत्येक ब्लॉक में एक जल पुनर्चक्रण संयंत्र (रिसाईकलिंग प्लांट) स्थापित करेंगे और पुनर्चक्रित जल को कंस्ट्रक्शन, पार्क आदि में उपयोग हेतु बढ़ावा देंगे।

06 भूजल संरक्षण के काम को सुचारू रूप से करने के लिए एक **हरियाणा ग्राउंड वाटर बोर्ड की स्थापना** करेंगे।

07 **मनरेगा के तहत सभी जल संरक्षण उपायों** को शामिल करेंगे।

## स्वच्छ एवं हरित हरियाणा

01 हरियाणा देश में **सिंगल-यूज़ प्लास्टिक को खत्म** करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और हम देश में सिंगल-यूज़ प्लास्टिक-मुक्त राज्य का दर्जा प्राप्त करने वाला पहला राज्य बनने का प्रयास करेंगे। पहले चरण में, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सरकारी आयोजनों और भवनों में सिंगल-यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न हों।

02 हर नागरिक में **'मेरा पेड़ मेरा जीवन' के संकल्प को प्रोत्साहित** करने के लिए हर नागरिक को कम से कम एक वृक्ष लगाने एवं उस की देखभाल करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

03 राज्य में पेड़ों की संख्या बढ़ाने के लिए **सिटी फॉरेस्ट को बड़े पैमाने पर बढ़ावा** देंगे। मुरथल के सिटी फॉरेस्ट की तर्ज पर, हम हरियाणा के प्रत्येक शहर में सिटी फॉरेस्ट विकसित करेंगे।

04 संयुक्त राष्ट्र द्वारा परिभाषित सतत **विकास लक्ष्यों (SDGs) को वर्ष 2030 तक प्राप्त करने के लिए संकल्पित** हैं।

**पर्यावरण एवं जल संरक्षण की रक्षा,**
**हमारे संस्कार,**
**ईमानदार सरकार, मनोहर सरकार**









MAIN STAGE





# सुशासन हमारा मंत्र,
# ईमानदार हमारा तंत्र,
# अन्त्योदय हमारा लक्ष्य



## भारतीय जनता पार्टी

कमल का बटन दबाएं भाजपा को जिताएं